पर्यावरण नियोजन एवं समन्वय संगठन
(म.प्र. शासन की स्वशासी संस्था)
पर्यावरण परिसर, ई–5 सेक्टर
अरेरा, कालोनी भोपाल - 462 016
Tel. 2466859, 2464318, 2466970
Fax: (0755)- 2462136
Website: www.epco.in

प्रेस विज्ञप्ति

पूर्व पर्यावरणीय स्वीकृति आवेदन अब ऑनलाइन

भोपाल : 11 अगस्त, MP-SEIAA द्वारा EIA Notification 2006 के अंतर्गत विभिन्न परियोजनाओं की पूर्व पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु आनलाइन आवेदन पत्र प्राप्त करने के लिये Software तैयार किया गया है। MP-SEIAA कार्यालय द्वारा इस बाबत् दिनांक 14 अगस्त 2014 से केवल Online आवेदन पत्र ही स्वीकार किये जायेंगे।

MP-SEIAA में पूर्ण रूप से भरा हुआ Online आवेदन पत्र प्राप्त होने पर परियोजना प्रस्तावक/आवेदक को ई–मेल द्वारा सूचित किया जायेगा। आवेदन पत्र में दी गई जानकारी एवं दस्तावेजों का परीक्षण किया जायेगा। आनलाइन आवेदन पत्र सही एवं पूर्ण पाये जाने पर प्रस्तावक/आवेदक को 15 कार्यालयीन दिवसों में ई–मेल द्वारा अभिस्वीकृति नम्बर भेजा जावेगा। तद्उपरांत परियोजना प्रस्तावक/आवेदक को हस्ताक्षरित आवेदन पत्र, (Form-1, PFR, Form-1A, Conceptual Plan- यदि आवश्यक हो तो), संलग्न दस्तावेजों की नोटराइज्ड प्रति हार्ड कॉपी में प्रस्तुत करने के लिए अंतिम तिथि के बारे में ई–मेल द्वारा सूचित किया जावेगा। उक्त आवेदनों की हार्ड कॉपी MP-SEIAA कार्यालय में प्राप्त होने पर, उनका परीक्षण किया जावेगा तथा पूर्ण एवं सही पाये जाने पर प्रकरण को पंजीकृत कर पंजीयन क्रमांक की सूचना प्रस्तावक/आवेदक को ई–मेल द्वारा दी जावेगी। सभी रजिस्टर्ड प्रकरणों की अद्यतन स्थिति MP-SEIAA की बेवसाईट पर उपलब्ध रहेगी।

अतः समस्त प्रस्तावकों/आवेदकों को सूचित किया जाता है कि वे प्राथमिक आवेदन सीधे हार्ड कॉपी में न प्रस्तुत करते हुए आनलाइन आवेदन ही प्रस्तुत करें।

11/8/14

(एच0 के0 हयारण)
सूचना अधिकारी

प्रति,
आयुक्त
जनसम्पर्क संचालनालय,
मध्यप्रदेश शासन, भोपाल।

कृपया उपरोक्त प्रेस विज्ञप्ति के उचित प्रचार–प्रसार करने का कष्ट करें।